# आउटर रिंग रोड पर ईवी के लिए खुलेंगे चार्जिंग प्वाइंट

अयू दीक्षित • लखनऊ

**पेट्रोल पंप भी खुलेंगे, ढाबों और चार्जिंग स्टेशन के लिए निजी लोगों को भी किया जाएगा प्रोत्साहित**

आउटर रिंग रोड पर यात्रियों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रानिक वाहनों (ईवी) के लिए चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। आउटर रिंग रोड 22 जनवरी से पहले शुरू करने की तैयारी है। इस सुविधा से लोगों को राहत मिलेगी। पेट्रोल पंप, ढाबों, एटीएम के साथ ही निजी लोगों को भी ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की योजना है। उद्देश्य है कि पर्यावरण संरक्षण को कैसे बढ़ावा दिया जाए? भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) आउटर रिंग रोड पर भविष्य में टोल प्लाजा भी लगाएगा। टोल प्लाजा पर ईवी चार्जिंग स्टेशन दोनों लेन पर होंगे।

प्राधिकरण के अधिकारी कहते हैं कि ईवी चार्जिंग स्टेशन भविष्य की जरूरत नहीं है, यह वर्तमान की आवश्यकता बन गई है। इसलिए यह सुविधा उसी तरह जरूरी है, जैसे पेट्रोल पंप, ढाबे और एटीएम है। पहले चरण में टोल प्लाजा पर यह सुविधा देने की तैयारी है। इन सब प्रकिया में अभी आठ से दस माह लग सकते हैं, लेकिन सुविधा ऐसी होगी कि एक बार में एक दर्जन छोटे-बड़े वाहन आसानी से चार्ज हो सके। इसके लिए जो उस समय में चार्जिंग फीस होगी, वह ली जाएगी। गौरतलब है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, आगरा एक्सप्रेस वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दो दर्जन से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 26 चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी है। इसके लिए कई कंपनियों ने इच्छा भी जताई है। एनएचएआइ अपने हाईवे पर उन कार्यदायी संस्था को यह काम देना चाहती है जो टोल का काम देखेंगे, साथ ही अन्य एजेंसियों को प्रोत्साहित कर सकती है।

**लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर भी मिलेगी सुविधा** : भविष्य में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर भी इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग की सुविधा मिलेगी। 63 किमी. के इस एक्सप्रेस वे के अलावा पहले से चल रहे हाई वे पर भी यह सुविधा एनएचएआइ उपलब्ध कराएगा। निर्माणाधीन हाईवे पर टोल की व्यवस्था रहेगी। यहां डेढ़ गुणा अधिक टोल वसूलने की तैयारी है, यहीं पर ईवी चार्जिंग स्टेशन भी रहने की संभावना है।